तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
29/7/24	अभिभाषक उभयपक्ष उपस्थित। अपील अपीलांट स्वीकार की जाकर नामान्तरकरण संख्या 1 दिनांक 29.02.2000 निरस्त किया जाता है तथा चक 16 बी.एस.एम. के मुरबा नंबर 179/47 के किला नंबर 16, 17, 21 ता 24 तादादी 6 बीघा व मुरबा नंबर 179/39 के किला नंबर 25 तादादी 18 बिस्वा कुल तादादी 6 बीघा 18 बिस्वा कमाण्ड में मेघा वल्द ठाकरसिंह के वारिसानों अपीलांटस एवं रेस्पोडेंटस के हक–हिस्से अनुसार नामान्तरकरण दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। निर्णय प्रति वास्ते अमल–दरामद तहसीलदार (राजस्व), बीकानेर को प्रेषित की जावे। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। निर्णय आज दिनांक 29/7/24 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तरतीब तक्मील दाखिल दफ्तर हो।	